सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका



# अपनी बात

अंक : 584 वर्ष 4

राँची, सितम्बर, 2022



# सीसीएल में "लेटेस्ट विजिलेंस प्रैक्टीसेस इन वॉग" विषय पर कार्यशाला का आयोजन



"लेटेस्ट विजिलेंस प्रैक्टीसेस इन वॉग" विषय पर कार्यशाला का एक दृश्य

सीसीएल, मुख्यालय, रांची स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में दिनांक 01 सितंबर, 2022 को "लेटेस्ट विजिलेंस प्रैक्टीसेस इन वॉग" यानि "नवीनतम सतर्कता प्रथाओं का प्रचलन" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सीवीओ, सीआईएल श्री एस.के.साडंगी सहित सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, सीवीओ सीआईएल श्री एल. चंद्रशेखर, सीएमडी, बीसीसीएल श्री मनोज कुमार, सीवीओ, सीसीएल श्री एस.के. सिन्हा, सीवीओ, बीसीसीएल श्री अनिमेष भारती, सीवीओ, ईसीएल श्री एम.के. मिश्रा उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री एस.के. गोमास्ता, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नवीनतम जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि निश्चय ही सम्मानित वक्ताओं के अनुभवों से सभी लाभान्वित होंगे।

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सीवीओ कोल इंडिया, श्री साडंगी ने अपने कार्यानुभव को साझा करते हुये कहा कि नीति निर्माण एवं मूल्यांकन में डेटा संग्रह, निगरानी और उसका विश्लेषण का विशेष महत्व है। उन्होंने आगे कहा कि लोक सेवा में सत्यनिष्ठा एवं कर्तव्यनिष्ठा सर्वोपरि है। श्री साडंगी ने कहा कि तर्क और तर्क के प्रयोग से विभिन्न जटिल मुद्दों को सुलझाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं और नीतियों में छोटे–छोटे बदलावों से सीआईएल ने सैकड़ों करोड़ रुपये की बचत की है।

सीवीओ सीआईएल श्री एल चंद्रशेखर ने कहा कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य सत्यनिष्ठा एवं पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य का निष्पादन करना है। उन्होंने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुये कहा कि सतत खनन के दौरान पर्यावरण के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। श्री चंद्रशेखर ने कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय सतर्कता जरूरी है।

सीवीओ बीसीसीएल एवं सीएमपीएफओ श्री कुमार अनिमेश एवं सीवीओ ईसीएल एंड डब्ल्यूसीएल मुकेश कुमार मिश्रा ने भी विभिन्न सतर्कता विषय पर अपने अनुभव को साझा किया।

इस अवसर पर एक संवाद सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों के प्रश्नों का जवाब श्री साडंगी एवं अन्य वक्ताओं ने दिया।

सीवीओ, सीसीएल श्री एस.के. सिन्हा ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य में कर्मचारियों के लाभ के लिए ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करती रहेगी।

मंच संचालन मुख्य प्रबंधक, श्री प्रियरंजन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री एस.जी.चौधरी, श्री शशांक शरण एवं सतर्कता विभाग के अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सीसीएल में 'योग' कार्यक्रम का आयोजन



'योग' कार्यक्रम का एक दृश्य

दिनांक 05 सितम्बर को सीसीएल मुख्यालय, रांची में 'योग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, पूर्व सीएमडी, बीसीसीएल, श्री ए.के. सिंह सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित कर्मी उपस्थित थे।

निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में स्वस्थ्य जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आज के समय में 'योग' महत्वपूर्ण है। नियमिति योगाभ्यास से शरीर के साथ–साथ मानसिक तनाव भी दूर होता है।

पूर्व सीएमडी, बीसीसीएल, श्री ए.के. सिंह ने अध्यात्म के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि नियमित योगाभ्यास तनाव मुक्त रहने में मदद मिलती है। योग निरोगी जीवन, स्वस्थ्य शरीर और प्रफ्फुलित मन का माध्यम है। यह प्राचीन भारतीय संस्कृति का अमूल्य धरोहर है जिसे हमें संजो कर रखना है।

कार्यक्रम के आयोजन में महाप्रबंधक (एचआरडी) श्री पार्था भट्टाचार्जी एवं उनकी टीम का सक्रिय योगदान रहा है।

# सीसीएल में "साइबर अपराध जागरूकता" विषय पर कार्यशाला का आयोजन






"साइबर अपराध जागरूकता" कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते गणमान्य अतिथिगण एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद

दिनांक 07 सितम्बर को मुख्यालय, रांची के कन्वेंशन सेंटर में "साइबर क्राइम जागरूकता" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रणाली) श्री विनय शंकर महाराज सहित एसपी (आईटीएस), रांची श्री एस. कार्तिक एवं भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक श्री पुरूषोत्तम झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हम सब को साइबर अपराध के बारे में सतर्क रहने की आवश्यकता है। श्री प्रसाद ने अपना व्यक्तिगत अनुभवों को भी लोगों के बीच साझा किया।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें इस कार्यशाला में उपस्थित साइबर विशेषज्ञों की बातों एवं जरूरी दिशा–निर्देशों का गंभीरता से पालन करना चाहिए।

इस कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि झारखण्ड के आईपीएस अधिकारी, श्री एस. कार्तिक ने उपरोक्त कार्यशाला में उपस्थित लोगों के बीच अपने बहुमूल्य अनुभवों को साझा किया और साइबर अपराध के प्रति जागरूक और सतर्क रहने के कई तरीके को विस्तार से बताया।

भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक पुरूषोत्तम झा ने ऑनलाइन बैंकिंग ऐप, यूपीआई एवं अन्य ट्रांजेक्शन से संबंधित कई जानकारियाँ दी। उन्होंने कहा कि यदि आपके मोबाईल में अनजाने मैसेज, ईमेल या लिंक आते हैं तो उसे बहुत सावधानीपूर्वक उसके प्रमाणिकता के बारे में जानकर ही आगे बढ़ें और अपने विवेक का भलिभांति प्रयोग करें।

इस कार्यशाला में लोगों को अपने मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया एकाउंट, बैंक एकाडंट आदि को विशेष रूप से सुरक्षित रखने तथा किसी साइबर अपराध के शिकार हो जाने पर तुरंत इसकी शिकायत 1930 में कॉल करके या cybercrime.gov.in पोर्टल पर करने का सुझाव दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा ने कहा कि हमें 'क्या करना चाहिए' एवं 'क्या नहीं करना चाहिए', इसके बारे में जरूर जानकारी रखनी चाहिए।

महाप्रबंधक (प्रणाली) श्री विनय शंकर महाराज ने कार्यशाला में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधक (प्रणाली) श्री सुन्दर मोहन हांसदा एवं गौरव सिंह ने एक पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया।

# "कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2022" का आयोजन




दिनांक 16 से 18 सितम्बर, 2022 तक तीन दिवसीय 'कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2022 (CIMECON 2022) का आयोजन सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, रांची स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), कोल इंडिया, श्री विनय रंजन सहित सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री एस.के. गोमस्ता, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा, सर्वोदय अस्पताल, एनसीआर के डॉ. राकेश गुप्ता, ईडी (एमएस), कोल इंडिया, डॉ. एम.के. बेहरा, सीएमएस सीसीएल, डॉ डीकेएल चौहान, सीएमएस नई सराय अस्पताल, डॉ वी.के. सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी सहित देश के विभिन्न मेडिकल संस्थानों से लगभग 160 चिकित्सक भाग लिए।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने देशभर से आये चिकित्सकों/विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किए।

निदेशक (कार्मिक), कोल इंडिया, श्री विनय रंजन ने कहा कि कोल इंडिया सदैव ही चिकित्सा क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देता आ रहा है और हमारा उद्देश्य बेहतर मेडिकल सेवा को उपलब्ध कराना है। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी कोल इंडिया की चिकित्सा सेवा को और बेहतर करने के लिए प्रबंधन को सुझाव देते रहें।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि इस कार्यक्रम से चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों एवं विशेषज्ञों से प्राप्त अनुभवों से सीसीएल कर्मियों सहित आमजन को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

स्वागत भाषण सीएमएस सीसीएल डॉ. डीकेएल चौहान ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सीएमएस नई सराय अस्पताल, डॉ. वी.के. सिंह ने किया। मंच संचालन डॉ. सुमन सिंह एवं डॉ. मयूरी भट्टाचार्य ने की।

सम्मेलन का विषय था "कोविड के बाद के उपचार और लचीलेपन में चिकित्सा चुनौतियों की खोज"। ILBS Hyderabad के डॉ प्रोफेसर एस.के. सरीन, इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के डॉ रोहिणी हांडा सहित लगभग 20 प्रतिष्ठित अतिथि वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। विभिन्न विषयों पर 26 डॉक्टरों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए।

समापन सत्र के दौरान विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को ईडी सीएमएस कोल इंडिया श्री पी.के.बेहरा, द्वारा सीएमएस सीसीएल डॉ डीकेएल चौहान, सीएमएस सीसीएल डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस सीसीएल डॉ उत्पला चक्रवर्ती, सीएमएस सीसीएल डॉ मीता पॉल और सीएमएस डब्ल्यूसीएल डॉ सुजाता सिरमुकद्दम सम्मानित किया गया।

सीसीएल की डॉ तनीषा ओझा ने पेपर प्रेजेंटेशन में प्रथम, लाइव केस स्टडी में डॉ जितेंद्र कुमार ने और ईसीएल के डॉ अरिंदम बनर्जी ने चेयरमैन का पुरस्कार जीता।

## गांधीनगर अस्पताल में डीकोमप्रेसन के एल 4/एल 5 पर वर्कशॉप का आयोजन

दिनांक 15 सितम्बर को केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, रांची में 'कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस से संबंधित आयोजित कार्यक्रम में सीएमएस, सीसीएल डॉ. डी.के.एल. चौहान ने प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि 16 से 18 सितम्बर, 2022 तक आयोजित 'कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस' में कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी सहित देश के विभिन्न मेडिकल संस्थानों से लगभग 160 चिकित्सक भाग लिया। इस कॉन्फ्रेंस का थीम "डिसकवरिंग मेडिकल चैलेंजेस इन पोस्ट कोविड ट्रिटमेंट एंड रेजिलेंस (Discovering medical challenges in post covid treatment and resilience)" पर विस्तार से चर्चा किया जायेगा जिसमें देश भर से आये विशेषज्ञ अपना पेपर प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. चौहान के साथ–साथ सीएमएस, गांधीनगर डॉ. उत्पला चक्रवर्ती, डॉ सुमन सिंह, सीएमएस, रामगढ़ डॉ. वी. के. सिंह उपस्थित थे।



इससे पूर्व सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में डीकोमप्रेसन (Decompression) के एल 4 – एल 5 पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद के डॉ. आशीष तोमर एवं उनकी टीम द्वारा संचालित किया गया। उनके द्वारा स्पाईन के समस्याओं एवं उनके उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया।

# सीसीएल द्वारा चिता रिलोकेशन जागरूकता अभियान चलाया गया




दिनांक 17 सितम्बर को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 'चीता प्रोजेक्ट' की शुरुआत हुई जिसमें कुनो अभयारण्य, मध्य प्रदेश में नामीबिया से आठ चीताओं को लाया गया। विश्व का सबसे तेज़ दौड़ने वाला यह जानवर भारत से विलुप्त हो चुका था।

इस क्रम में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, आइआरओ, राँची के मार्गदर्शन में सीसीएल द्वारा स्थापित लगभग सभी स्कूलों में वृहत पैमाने पर प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता अभियान भी चलाया गया। सीसीएल के जिन स्कूलों में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ उनमें डीएवी, टोपा, डीएवी उरीमारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पिपरवार, डीएवी, कुजू , एस एस हाइ स्कूल, टंडवा, आम्रपाली एरिया, यू एच एस, बिंगलात, चतरा, डीएवी स्कूल ढोरी, डीएवी गिरिडीह, मासी मार्शल स्कूल, चरही, हजारीबाग( डीएवी, कथारा एरिया (केन्द्रीय विद्यालय, राजेन्द्रनगर, रांची एवं डीएवी गांधीनगर, राँची (झारखंड के सात जिलों रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, गिरिडीह, लातेहार में स्थित हैं।

इस ऐतिहासिक क्षण को अविस्मरणीय बनाने हेतु सीसीएल के इन सभी स्कूलों में 13 से 16 सितंबर तक शिक्षकों ने विद्यार्थियों को चीता के भारत आगमन के बारे में बैनर, पोस्टर एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से वन्य जीव संरक्षण के विषय में चर्चा किया।

सी सी एल द्वारा चलाए गए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डी डी जी, फॉरेस्ट श्री संतोष तिवारी तथा ए आई जी, फॉरेस्ट श्री शशि शंकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कोल इंडिया अध्यक्ष ने सीसीएल में समीक्षा बैठक की



दिनांक 27 सितम्बर को सी.सी.एल. मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सी.सी.एल. के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक किया। बैठक में सीसीएल के सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री एस. के. गोमस्ता, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल के क्षेत्रों के महाप्रबंधक एवं अधिकारीगण वर्चुअल मोड से इस बैठक में भाग लिया।

समीक्षा बैठक में अध्यक्ष महोदय ने सीसीएल प्रबंधन को दैनिक उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति करने पर बल दिया जिससे कोल इंडिया एवं सीसीएल अपने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। श्री अग्रवाल ने कोयला उत्पादन के सभी मापदंडो सहित फर्स्ट माइल कन्कटविटी प्रोजेक्ट, नयी वाशरी की स्थापना आदि विषय पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने अगले मानसून को ध्यान में रखते हुये रोड मैप तैयार करने के लिए भी कहा जिससे बारिश के मौसम में कोयला उत्पादन निरंतर चलता रहे।

इससे पूर्व सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने पावर प्वाइंट प्रजेटेशन के माध्यम से कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओ.बी. रिमुवल, कोयला स्टॉक, पर्यावरण, वाशरी सहित कानून व्यवस्था एवं अन्य चुनौतियों से अध्यक्ष महोदय को अवगता कराया।

# सीसीएल में राजभाषा पखवाड़ा सम्पन्न



सीसीएल मुख्यालय में दिनांक 30 सितम्बर, 2022 को राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 14 से 29 सितम्बर, 2022 तक सीसीएल के क्षेत्रों में तथा सीसीएल मुख्यालय में 19 से 30 सितम्बर, 2022 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

सीएमडी सीसीएल श्री पी.एम.प्रसाद की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि डॉ. विद्याभूषण, साहित्यकार तथा निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र के साथ निदेशक (वित्त) श्री पी.के.मिश्रा ने भी समापन समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पखवाड़ा के दौरान कर्मचारियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे – हिंदी भाषी कार्मिकों के लिए निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण–आलेखन प्रतियोगिता, स्व–रचित काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों द्वारा इन प्रतियोगिताओं के कुल 33 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावे 100 प्रतिभागियों प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

इस विशेष अवसर पर डॉ विद्याभूषण मुख्य अतिथि थे जिन्हें राजभाषा हिन्दी में किए गए उल्लेखनीय कार्य हेतु सीसीएल द्वारा 'सीसीएल राजभाषा भाष्कर सम्मान–2022' से सम्मानित किया गया। डॉ विद्याभूषण राज्य के सबसे विपुल लेखकों में से एक हैं और उन्होंने 25 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए सीएमडी सीसीएल श्री पी.एम.प्रसाद ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने आगे सभी को कार्यालय में हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित किया।

श्री संजय, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया।

विभागाध्यक्ष (राजभाषा) श्री संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ कार्यक्रमों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' के 07 बच्चे जेईई एडवांस में चयनित


श्रुति कुमारी


नीतु कुमारी


सत्यम शिवम


रोहन कुमार


रौशन सिंह


आशीष कुमार कपीस्वी


राकेश हेम्ब्रोम

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' के अंतर्गत इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुये बैच के 07 छात्रों ने जेईई एडवांस क्वालिफाई किया। ये सभी बच्चें समाज के निम्न वर्ग एवं पिछड़े वर्ग के परिवारों से आते हैं। पिछले सफलता को दोहराते हुये एक बार पुनः सीसीएल के लाल के साथ–साथ सीसीएल की लाडली ने भी अपने फैकल्टीज के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ यह सफलता हासिल किया है।

सफल होने वाले छात्र–छात्राओं के नाम : श्रुति कुमारी, नीतु कुमारी, सत्यम शिवम, रोहन कुमार, रौशन सिंह, आशीष कुमार कपीस्वी, राकेश हेम्ब्रोम।

सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम.प्रसाद ने जेईई एडवांस क्वालीफाई कर आईआईटी में चयनित होने पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने इस बैच के अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए आईआईटीयन फैक्लटी सहित सीएसआर की पूरी टीम को उनके इस अत्यंत सराहनीय कार्य के लिए बधाईयां दिया।

इन बच्चों को कोचिंग देने वाले सीसीएल में कार्यरत आईआईटीयन अधिकारी सर्वश्री जितेन्द्र कुमार, अखिलेश उपाध्याय, नमन श्रीवास्तव, ओम प्रकाश ने भी इस वर्ष के सफलतम परिणाम के लिए बच्चों को बधाई दी।

ज्ञात हो कि इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत वर्ष 2012 में में किया गया था जिसमें जरूरतमंद बच्चों को आईआईटी में दाखिला हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण/कोचिंग दी जाती है। वर्ष 2016 में इस योजना का विस्तार किया गया था और छात्राओं यानि 'सीसीएल की लाडली' को भी इसमें शामिल किया गया। अबतक झारखण्ड के गरीब परिवारों के बच्चों ने कम्पनी द्वारा उपलब्ध किये गए अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी मेहनत और लगन से देश के प्रख्यात इंजीनियरिंग कॉलेज में चयनित हुये हैं और देश के विभिन्न संस्थानों में अपना योगदान भी दे रहे हैं।

योजना के कार्यान्वयन में सीएसआर विभाग के विभागाध्यक्ष, श्री बाल कृष्ण लाडी एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान है।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई




सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत 5 कर्मियों – सर्वश्री उमेश कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक, भूगर्भ विभाग, सोमेश रंजन, महाप्रबंधक, उत्खनन विभाग, डॉ बिनय कुमार सिन्हा, सीएमओ, गांधीनगर अस्पताल, नेपाल सिंह, लिपिक (ग्रेड–1), जेएसएसपीएस तथा एस.एम. जाहिद अनवर, इलेक्ट्रिशियन/फिटर, टी.ए. विभाग को दिनांक 30 सितम्बर, 2022 को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। सितम्बर माह में विभिन्न क्षेत्रों को मिलाकर पूरे सीसीएल से 86 कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। अवसर विशेष पर सेवानिवृत कर्मियों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन 'सम्मान समारोह' के दौरान किया गया जिसके माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने सेवानिवृत कर्मियों के बेहतर भविष्य की कामना की।

दिनदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों द्वारा कंपनी के लिए किए गए अच्छे कार्यों हेतु प्रशंसा करते हुए कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को किसी अच्छे काम में व्यस्त रखें। उन्होंने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की।

निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन की दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आप जहॉं भी रहे स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहें।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे।

सम्मान समारोह का मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक (कार्मिक) श्री अभिराज शेखर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## समाचार पत्रों में सीसीएल



CCL organises Cyber Crime awareness workshop

PC JHA

CCL to organize a three-day Coal India Medical Conference

PC JHA

सीसीएल सेफ्टी बोर्ड की बैठक पिपरवार के बचरा में संपन्न

कोयला खदान में शून्य दुर्घटना व बेहतर उत्पादन कंपनी का उद्देश्य

Conveyor belts in CCL mines to reduce carbon emission

Dhritiman.Ray@timesgroup.com

सीसीएल की प्राथमिकता श्रमिकों का सर्वांगीण विकास

CIL Chairman presides a review meeting of CCL

PC JHA

नीति निर्माण में डेटा का विशेष महत्व : साडंगी

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

The dream run continues..

Scaling new heights #TeamCCL recorded an astonishing 22% growth in coal production, 20% in OB removal and 10% in offtake during the first five months of FY23 compared to the same period last fiscal.

Congratulations!!

#AtmanirbharBharat




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

CCL organises Coal India Medical Conference 2022
The three-day conference was inaugurated by Shri P.M.Prasad, CMD CCL and Shri Vinay Ranjan Dir (Pers) , CIL. Other directors of CCL along with CVO were also present
Over 160 doctors from country are participating in the conference



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Students of Ccl Ke Lal & Laadli continue to attain new milestones.

Seven students of this pathbreaking #CclCsrInitiative qualified JEE advanced 2022.

#TeamCCL is proud of their achievement. Congratulations to the students, families, CSR team and faculties who guided them.

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

#TeamCCL distributed ten battery-operated motorised tricycles to Divyangs in Amrapali- Chandragupt area.

The distribution was done in presence of the Honourable MLA Simariya, Shri Kishun Kumar Das.

#CclCsrInitiative.




सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)